## एक नजर में

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद पर पत्रकार राकेश जोशी की नियुक्ति

**गोगावां, निप्र।** श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर सम्भागीय अध्यक्ष विजय मोरे की अनुशंसा से संघ के जिला अध्यक्ष सदाशिव वर्मा ने गोगांव तहसील श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद पर पत्रकार राकेश जोशी की नियुक्ति की हैं।यह नियुक्ति संघ के प्रति डॉ राकेश जोशी की लगन, कई दशकों की लंबी बेदाग पत्रकारिता, व्यापक सामाजिक सरोकार, जिला एवं तहसील के बीच स्थापित अद्वितीय समंवय को देखते हुए की गई है।पत्रकार श्री जोशी की नियुक्ति पर क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राजेश नायर, तहसील पत्रकार संघ अध्यक्ष संजय गुप्ता, पत्रकार अजय दसोंधी, पत्रकार राकेश नायर, पत्रकार इकबाल हकीम, सुरेश कुशवाह घु घरियाखेड़ी, मुबारिक खान ठीबगांव, पत्रकार पवन बर्वे, पत्रकार संजय जायसवाल, प्रेम पंचोली अहिरखेड़ा, कालू यादव बिलाली ने जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाईयां दी।



### पुलिस विभाग में 40 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर कमल तारे

**मंडलेश्वर, निप्र।** पुलिस की वर्दी पहनना एक गौरव का क्षण होता है 01 दिसंबर 1984 को पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुए कमल तारे ने जनता की सेवा में अपने जीवन के अमूल्य 40 वर्ष समर्पित किए जीवन में कई उतार चढ़ाव देखे और अपनी सारी सर्विस निमाड़ के खरगौन और बड़वानी जिले में पूरी की।पुलिस ट्रेनिंग स्कूल रीवा से प्रशिक्षण लेने के बाद संवेदनशील पुलिस थाना गोगांवा में पहली पोस्टिंग हुई फिर बरूड कसरावद करही पानसेमल और मेनगांव में सेवा दी यहां से हेड कॉन्स्टेबल पद पर प्रमोट होकर जब वापस गोगांवा थाने पहुंचे तो यहां 1991 सांप्रदायिक दंगे हुए थे जिसमें युवा कमल तारे ने सराहनीय कार्य कर कानून और व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।कसरावद थाने पर भी हेड कॉन्स्टेबल का काम किया कसरावद थाने से सहायक उप निरीक्षक बन कर बड़वानी जिले के अंजड़ और आदिवासी बहुल क्षेत्र पाटी में अपनी सेवाएं दी पाटी से सब इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत होकर वहीं सेवाएं दी फिर अंजड़ तबादला हुआ पिछले साल जब सेवाकाल एक वर्ष बचा तब ग्रह नगर मंडलेश्वर पुलिस थाना पदस्थ हुए।आज थाना परिसर में विदाई समारोह हुआ अंतिम बार पुलिस की वर्दी पहनकर विदाई ली।मंडलेश्वर थाना परिसर में विदाई समारोह में पुलिस स्टाफ द्वारा उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी गई थाना प्रभारी दीपक यादव हेड कॉन्स्टेबल दिनेश रोमडे सहित स्टाफ द्वारा पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी गई।इस अवसर पर रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर के परिजन उनके बड़े भाई पत्नी पुत्री दामाद नाती और पुत्र के प्रकृति प्रेमी संगठन थैंक यू नेचर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।अपने उद्बोधन में कमल तारे ने अपनी 40 वर्ष की पुलिस सेवा का उल्लेख किया और अपना जीवन प्रकृति की सेवा में समर्पित करने की घोषणा की है।



### गंदगी के ढेर, खुले नाले और मच्छर-साँपों के बीच जीने को मजबूर कॉलोनीवासी

**सनावद, निप्र।** नगर के बीचों-बीच स्थित वार्ड नं. 15 की पानी की टंकी वाली गली नं. 2 पिछले कई महीनों से गंदगी का अम्बार बनी हुई है। टूटे-फूटे नाले, सड़क पर बहता गंदा पानी, कचरे के ढेर और जलभराव के कारण यहाँ मच्छर, मक्खियाँ, साँप-बिच्छू का डर दिन-रात बना रहता है। इससे कॉलोनीवासियों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, लेकिन नगरपालिका की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। कॉलोनी के निवासी नीलेश पुनासिया, सीमा छलोत्रा, जीतेन्द्र छलोत्रा, रीना पुनासिया, रश्मि पाटीदार एवं वरिष्ठ नागरिक दुर्गाशंकर पाटीदार सहित दर्जनों परिवारों ने बार-बार नगरपालिका में लिखित एवं मौखिक शिकायत की, परंतु केवल आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। लोगों का कहना है कि कुछ घरों से गंदा पानी सीवरेज पानी सड़क पर बहाया जा रहा है, जिससे स्थिति और भयावह हो गई है।



### बड़वाह विधानसभा क्षेत्र-182 के बीएलओ कुमरावत ने शत प्रतिशत किया डिजिटाइजेशन कार्य



**खरगोन, निप्र।** विधानसभा क्षेत्र-182 बड़वाह के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री सत्यनारायण दर्रो द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक-172 के बीएलओ श्री रवि कुमावत को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 100 प्रतिशत मतगणना पत्रको का डिजिटाइजेशन कार्य समय सीमा से पूर्व पूरा करने पर सम्मानित किया गया है। बीएलओ श्री कुमरावत की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर ईआरओ श्री दर्रो ने सम्मानित किया और टीम के समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने बधाई दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात',

**बड़वाह, निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को अपने ' 'मन की बात'' कार्यक्रम के जरिए संबोधित किया। यह मन की बात कार्यक्रम का 128 वां एपिसोड था। पीएम मोदी ने कहा कि नवंबर का महीना बहुत सी प्रेरणाएं लेकर आया, वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व में शहर के 21 बुथो पर प्रधानमन्त्री जी की मन की बात का कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही एसआईआर के बारे में भी जागरूक किया। प्रति माह होने वाले मन की बात कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले भाजपा नेता रवि एरन के बूथ 64 पर उत्साह के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं रहवासियों ने प्रधानमंत्री जी की 'मन की बात: टीवी पर सुनी। इस दौरा बूथ अध्यक्ष सोनम विश्वकर्मा,गणेश चौधरी,हिमांशु जायसवाल,अजय सोनी,सुसेन गोरे, मोहन सिंह दरवार,शुभम शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।इसके बाद कार्यकर्ताओ ने एसआईआर के बारे में विस्तार से चर्चा करने के बाद भ्रमण करके लोगो को जागरुक किया।इसी तरह भाजपा नेत्री व पार्षद रजनी भंडारी के निवास पर बूथ क्रमांक 54 का कार्यक्रम आयोजित हुए।यहा पर भाजपा नेता सीटू राजपाल सहित भाजपा कार्यकर्ता मोजूद थे।इसी तरह सभी बुथो पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान भाजपा महामंत्री महेंद्र अमई सहित पदाधिकारी मोजूद थे। बुथो पर एसआईआर के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने कहा कि किसी को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है, यह निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी तरह की अनियमितता को रोकने का शक्तिशाली माध्यम है,उन्होंने पदाधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी भी दी। कहा कि एसआईआर के काम के लिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रतिदिन दो घंटे का समय नियमित रूप से निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाना चाहिए।



# कलेक्टर की डीपी लगाकर धोखाधड़ी, 9 गिरफ्तार

## महंगें शौक पूरा करने रीवा के दो युवक किराये के बैंक खातों में ट्रांसफर कराते थे ठगी की राशि

नवभारत न्यूज

**खरगोन। अब तक ऑनलाईन फ्रॉड का अपराध सुलझाना चुनौती भरा माना जाता रहा है, लेकिन पुलिस ने इस चुनौती भरे एवं जटिल अपराध को सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने वाट्सअप पर कलेक्टर की फोटो लगाकर ऑनलाईन रुपए ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

इन आरोपियों में 2 नाबालिग और एक महिला शामिल है। इनकी गिरफ्तारी मुंबई और रीवा से की गई, जहां पुलिस को इन्हें तलाशने में खासी मशक्त करना पड़ी। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। ठगी का यह नेटवर्क महंगें शौक पुरा करने एवं लोगों को रुपए का लालच देकर किराये के बैंक खातों से संचालित हो रहा था।

थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने बताया आरोपी महंगे शौक पूरे करने व जल्दी पैसे कमाने के लिए ऑनलाईन फ्रॉड का शार्टकट रास्ता अपना रहे थे। यह लोगों को ठगने के लिए किराये पर बैंक खाते इस्तेमाल कर रहे थे। 25 अक्टूबर को मोबाइल नंबर 84339410118 से खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल की फोटो (डीपी) लगाकर अधिकारियों से चेटिंग की गई।

इस फर्जी चेटिंग के जाल में फंसकर सहायक आयुक्त जनजातिय विभाग के अधिकारी ने अज्ञात बैंक खाते में 01 लाख रुपये डाल दिए थे। फर्जी अकाउंट खुलासा होने के बाद अधिकारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी।

इसके बाद थाना कोतवाली व साइबर सेल खरगोन की टीम ने मशक्कत के बाद गिरोह का खुलासा करने में सफलता हासिल की। कलेक्टर और ए- क्लास अधिकारी से जुड़े इस हाईप्रोफाईल मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरु की थी, जिसमें सफलता भी मिली।



### इन्हें किया गिरफ्तार

ग्लोरिया फर्नाडिस पिता एन्जल मेन्डोनसा निवासी एन्जल मेन्डोसा हाउस आदर्श नगर कांजुर मार्ग इस्ट मुम्बई, शिवांस सिह यादव पिता ब्रजभान यादव निवासी रौरा थाना गोविन्द गढ जिला रीवा, शिवेन्द्र वर्मा पिता लल्लन वर्मा जाति कुशवाह निवासी रौरा थाना गोविन्द गढ जिला रीवा, रोहित यादव पिता विनोद यादव निवासी ग्राम धोखरा पोस्ट मडवा थाना गोविन्दगढ जिला रीवा, विनित चौहान पिता विनोदसिह चौहान निवासी ग्राम नवल्या थाना जमोडी जिला सिधी हाल मुकाम भण्डारी काम्पलेक्स में किराये का मकान रीवा जिला रीवा, पंकज पटेल पिता अशोक पटेल जाति कुर्मी निवासी ग्राम बबनगाँव कस्तरी 78 पोस्ट निगा थाना गोविन्द गढ़ जिला रीवा और दीपक पटेल पिता मुरारीलाल पटेल जाति कुर्मी शामिल है।

### बैंक खाते कराए फ्रीज

शिकायती आवेदन मिलने के बाद जिस खाते में रुपए डाले गए उस बैंक खाते को फ्रीज कराया गया। उक्त राशि मुंबई निवासी ग्लोरीया फर्नानडिस के खाते में गई थी। पुलिस टीम ने मुंबई पहुंचकर ग्लोरीया फर्नानडिस को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में बताया कि बैंक अकाउंट व उसकी एक सिम को ऑनलाइन मिले एक दोस्त के कहने पर दिल्ली भेज दी है। उक्त फ्रॉड की राशि को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से कई अन्य बैंक अकाउंटस् में अनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से ट्रांसफर की गई थी, जो रीवा स्थित एटीएम से निकाली गई। पुलिस टीम के द्वारा सूक्ष्मता से प्रकरण में आए तथ्यों का अवलोकन किया गया व प्रकरण बयानों, सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रीवा पुलिस की मदद से 06 और अन्य आरोपियों जिनमें 02 विधिविरुद्ध बालक है, को अभिरक्षा में लिया गया। रीवा से गिरफ्तार आरोपियों ने पंकज पटेल व दीपक पटेल के कहने पर उन्हें किराय/ कमिशन पर बैंक खाते व सिम उपलब्ध कराई थी। पुलिस ने पंकज पटेल व दीपक पटेल को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से धोखाधड़ी कर निकाले 1 लाख रुपए जब्त किए है। इस मामले अब तक 07 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। विवेचना में आने अन्य तथ्यों के आधार पर प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## करणी सेना की बैठक में हरदा आंदोलन और जन क्रांति न्याय यात्रा पर हुई चर्चा



**बिस्टान, निप्र।** खरगोन जिले के बिस्टान क्षेत्र के बन्हैर में रविवार को करणी सेना नगर इकाई की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें हरदा में करनी सैनिकों व सर्व समाज पर हुए लाठी चार्ज के विरोध और आगामी जन आंदोलनों की तैयारीयों को लेकर बैठक में लंबी चर्चा चली। इस दौरान बैठक में करणी सेना नगर इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। जिसमें पदाधिकारीयों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। लोकेंद्र सिंह पवार तहसील मंत्री, नरेंद्र ठाकुर तहसील सह मंत्री, राहुल कछवाहे नगर अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह कछवाहे तहसील महासचिव और रजत पवार सहित अन्य पदों पर पदाधिकारी नियुक्त किए गए। इसके बाद आंदोलन पर रणनीति बनी। बैठक में 8 दिसंबर को खरगोन में होने वाली जन क्रांति न्याय यात्रा और 21 दिसंबर के जन क्रांति न्याय आंदोलन के लिए व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। करणी सेना जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह सनावद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर की अगुवाई में दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने की रूपरेखा तय की गई है। समाज के मौजूदा मुद्दों आंदोलन के रोड मैप और संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी विस्तृत मंथन हुआ। अंत में सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ आगामी कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व समाज उपस्थित रहा।

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में तेजी, लेकिन एक तरफ ही दिख रही प्रगति, पीडब्ल्यूडी का काम ठप





**सनावद, निप्र।** लंबे इंतजार के बाद सनावद रेलवे पर बन रहे बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के निर्माण कार्य में पिछले कुछ महीनों से तेजी आई है। रेलवे द्वारा दोनों तरफ एप्रोच रोड का काम जोर-शोर से चल रहा है, किन्तु यह तेजी केवल एक तरफ ही नजर आ रही है। दूसरी तरफ (खासकर इनपुन ग्राम की ओर) अभी तक जमीनी स्तर पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, रेलवे विभाग केवल ओवरब्रिज के दोनों किनारों पर मात्र 100-100 मीटर एप्रोच रोड बनाएगा। इसके आगे का पूरा काम लोक निर्माण विभाग (PWD) की जिम्मेदारी है। लेकिन PWD की ओर से अभी तक न तो कोई सर्वे और न ही कोई मशीनरी मौके पर दिख रही है। इस दोहरी गति के कारण पूरा प्रोजेक्ट फिर से लटकता नजर आ रहा है। सनावद-पुनासा मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला रेलवे फाटक शहर का सबसे व्यस्त क्रॉसिंग है। रोजाना यहां घंटों जाम लगता है। स्कूल बसें, एम्बुलेंस, व्यापारिक वाहन तक फंस जाते हैं। ओवरब्रिज बनने की उम्मीद में लोगों ने वर्षों इंतजार किया, लेकिन अब PWD की सुस्ती फिर से लोगों का गुस्सा भड़का रही है। स्थानीय समाजसेवी सुनील नरिया एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रवीण अधिकारी ने कहा कि 'रेलवे अपना काम कर रहा है, लेकिन PWD कहाँ सो रहा है? अगर यही रफ्तार रही तो यह ब्रिज बनने में फिर 4-5 साल लग जाएंगे। हम लगातार PWD के SE, EE और ठेकेदारों से मिल रहे हैं और जल्द से जल्द काम शुरू करवाने का दबाव बना रहे हैं।' नवभारत इस पूरे मामले पर पैनी नजर रखे हुए है और पाठकों को हर हफ्ते इसकी प्रगति एवं जिम्मेदारों की ढिलाई से अवगत करवाता रहेगा। अब देखना यह है कि PWD कब जागता है और सनावद की जनता को जाम के इस जंजाल से कब निजात मिलती है।

# एक दर्जन से अधिक गांवों से उमड़ी आस्था

## भव्य कलश शोभायात्रा में पचास से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का काफिला, सैकड़ों बाइकें और जगह-जगह पुष्पवर्षा



**कसरावद, निप्र।** ग्राम एक्कलधारिया में 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर रविवार को निकली भव्य कलश शोभायात्रा श्रद्धा, उत्साह और भव्यता का अद्भुत संगम बनकर पूरे क्षेत्र में आस्था का माहौल रचते हुए गुजरी। यात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया। गांव-गांव में इस शोभायात्रा को देखने और स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। शोभायात्रा की सबसे बड़ी विशेषता इसका विशाल काफिला रहा, जिसमें पचास से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, कई चार पहिया वाहन और सैकड़ों बाइक चालक शामिल हुए। इन सभी के चलते यात्रा का स्वरूप अत्यंत भव्य और उत्साहपूर्ण दिखाई दिया। आधा दर्जन डीजे की धुनों पर युवा भक्तिमय गीतों पर झूमते दिखे, जिससे वातावरण ऊर्जा और भक्ति के भाव से भर गया। शोभायात्रा के आगे-आगे चल रही महिलाओं, बच्चों और युवाओं की टोली पूरे मार्ग में श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक बन गई। यात्रा ग्राम एक्कलधारिया से प्रारंभ होकर काटकुर, साटकूर, बालसमुद, नयानगर, भीलगांव, कसरावद, गलवा, बामंदी, काछीपुरा और सियारामपुरा होते हुए पुनः कथा स्थल एक्कलधारिया पहुंची। पूरे मार्ग में ग्रामीणों ने स्वागत हेतु पुष्पवर्षा की, जिससे शोभायात्रा का वैभव और अधिक बढ़ गया। विशेष रूप से रोटी वाले बाबा का जहां-जहां भी पड़ाव पड़ा, वहां भक्तों ने बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ उनका स्वागत कर दर्शन लाभ लिया।शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक और मनोहर झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, हनुमान और अन्य देवी-देवताओं के स्वरूपों की झलक देखने को मिली। इन झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरा मार्ग आस्था के रंगों से सराबोर हो गया।

# सांदीपनि कन्या शाला बड़वाह में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव



**बड़वाह, निप्र।** संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत विकासखंड बड़वाह के सांदीपनि कन्या शाला बड़वाह में सांसद खेल महोत्सव का दो दिवसिय आयोजन अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

संस्था के क्रीड़ा अधिकारी डी एस चौहान ने बताया कि शाला स्तर पर होने वाले इस आयोजन हेतु पिछले कुछ दिनों से चल रही तैयारिया चल रही थी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस अतिथि के रूप में भाजपा की महिला नेत्री वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद रजनी भंडारी शामिल हुई, द्वितीय दिवस अतिथि के रूप में शैल जैन, विनीता बंका शामिल हुई।सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की वंदना पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

पश्चात संस्था प्राचार्य हंसा कानूड़े ने अतिथियों का परिचय करवाया, एवं उपप्राचार्य निर्मल चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक विशाल सिंह चौहान ने अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती भंडारी एवं श्रीमती जैन ने कहा इन आयोजनों के माध्यम से खेल के साथ फिटनेस और मनोरंजन का जबरदस्त संगम देखने को मिला। यह आयोजन न केवल युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का मौका देगा, बल्कि फिट इंडिया मूवमेंट को भी नया आयाम देगा। आयोजन के प्रथम दिवस खो खो के मुकाबले हुए, जिसमें कक्षा 12वी बी विजेता रही, ,द्वितीय दिवस छात्राओं के कबड्डी मुकाबले हुए, जिसमें 18 टीमों के बीच 23 मुकाबले हुए अंततः माध्यमिक विभाग में कक्षा आठवी की टीम एवं हायर सेकंडरी स्तर पर कक्षा 12 वी बी विजेता रही, इसी तरह दौड़ के 100 मीटर, 200 मीटर के विभिन्न मुकाबले भी हुए।

**एक नजर में** — अवैध गौवंश परिवहन, अवैध फायर आर्म्स तस्करी, अवैध जुआ सट्टे पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए

# एसपी ने की पुलिस कंट्रोल रूम में वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** एसपी रविंद्र वर्मा ने शनिवार को कंट्रोल रूम में वार्षिक अपराध की समीक्षा बैठक लेकर कानून व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर वन-टू-वन चर्चा की। बैठक में जिले के सभी थानों के एसडीओपी सहित थाना प्रभारी मौजूद रहे। एसपी ने बैठक में पुराने लंबित गंभीर अपराधों में अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय प्रस्तुत करने, फरार अपराधियों की धरपकड़ के टारगेट दिए। न्यायालय के सम्मन वारंट तामील कराए जाने, प्रकरणों की रेगुलर मॉनिटरिंग करने और अपराधियों को सज़ा दिलाए जानें हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया। एसपी ने महिलाओं, बालिकाओं के विरुद्ध, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अपराधों को नियंत्रण करने, त्वरित विवेचना करने और राहत प्रकरण तैयार करने हेतु विवेचको को प्रेरित किया। अवैध गौवंश परिवहन, अवैध फायर आर्म्स तस्करी, अवैध जुआ सट्टे पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने प्रत्येक लंबित अपराध एवं ऐसे अपराध जिनमें आरोपियों की गिरफ़्तारी शेष है। इनके बारे 1-1 संबंधित एसडीओपी व थाना प्रभारियों से चर्चा की। उक्त क्राइम मीटिंग में एएसपी बिट्टू सहगल, चौकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टॉफ, पुलिस लाइन सूबेदार व पुलिस लाइन कार्यालय का स्टॉफ भी मौजूद रहा। इन बिन्दुओं पर केंद्रित रही बैठक-लंबित संपत्ति संबंधी अपराध में पतारसी एवं बरामदगी कर, शरीर संबंधी अपराध एवं महिला संबंधी अपराधों का शीघ्र निराकरण करें, लंबित अपराधों में वंचित आरोपियों की धरपकड़। मुस्कान अभियान में जिले मे नाबालिग बालिकाओ की दसत्याबी की स्थिति। सीएम हेल्पलाइन, आयोग, पीएचक्यू, आई जी कार्यालय की शिकायतों के निराकरण। थाना क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, जुआ, सट्टा, अवैध गौवंश परिवहन, अवैध हथियारों एवं शराब की तस्करी तथा कानून व्यवस्था बिगड़ने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण के आवेदन पत्रों की समीक्षा कर आरोपियों की जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही की जाए। मर्ग, गुम इंसान, शिकायतों का त्वरित निराकरण करने, प्रभावी कोम्बिंग गश्त करने। स्थाई वारंट, फरारी वारंटों की तामीली के प्रयास अधिक से अधिक करने हेतु किया निर्देशित।

